British Columbia's
Office of the Human Rights Commissioner

# राइट्स इन फोकस:
# बी.सी. की अनुभवजनित वास्तविकताएं



सार | अगस्त 2024

British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner

# राइट्स इन फोकस: बी.सी. की अनुभवजनित वास्तविकताएं

**अगस्त 2024**

ब्रिटिश कोलंबिया का मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय (BCOHRC) इस प्रकाशन में प्रस्तुत जानकारी के वितरण और आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है। तस्वीरों और छवियों, BCOHRC के लोगो, किसी भी ब्रांडिंग या ट्रेडमार्क, तीसरे पक्ष द्वारा प्रदान की गई सामग्री या जहां सामग्री के बारे में अन्यथा संकेत दिया गया हो, के सिवाय, इस प्रकाशन में प्रस्तुत सभी सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स अट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के तहत लाइसेंस प्राप्त है। लाइसेंस के बारे में जानने के लिए, यहां जाएं: **creativecommons.org/licenses/by/4.0/**

BCOHRC प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और मानवाधिकारों की रक्षा के बीच महत्वपूर्ण संबंध को स्वीकार करता है। हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने का एक तरीका हमारी रिपोर्ट की प्रिंट प्रतियों को सीमित करना है। यदि आपको इस रिपोर्ट को इसके इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में पढ़ने में कठिनाई हो रही है, तो कृपया छपी हुई प्रति के लिए हमारे कार्यालय से संपर्क करें।

प्रभावित समुदायों के लिए सहायता: हम मानते हैं कि इस रिपोर्ट में दी गई कुछ जानकारी विचलित करने वाली हो सकती है। प्रस्तुत मुद्दे, जो हालांकि जांच के नजरिये से महत्वपूर्ण हैं, गंभीर हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो वास्तव में प्रभावित हैं। ब्रिटिश कोलंबिया के निवासी, जो इस रिपोर्ट को पढ़ते समय संकट का अनुभव करते हैं या जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है, वे हमारी वेबसाइट पर एकत्रित संकट लाइनों और आपातकालीन मानसिक स्वास्थ्य सहायता की सूची के लिए यहां संपर्क कर सकते हैं: **bchumanrights.ca/support**

इस रिपोर्ट को तैयार करने में अलग-अलग समय पर BCOHRC के कई कर्मचारी शामिल थे। आयुक्त इस रिपोर्ट को तैयार करने में शामिल कोर बेसलाइन प्रोजेक्ट टीम और विशेष रूप से मोनिका पेटेक और रायन टोनकिन सहित सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहते हैं।

यह प्रकाशन ब्रिटिश कोलंबिया का मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में देखा जा सकता है: **bchumanrights.ca/in-focus**

ISBN: 978-1-990626-13-5

**© British Columbia's Office of the Human Rights Commissioner**
536 - 999 Canada Place
Vancouver, BC V6C 3E1
1-844-922-6472 | **info@bchumanrights.ca**

British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner



इस जगह के मूल निवासियों के लिए,
जिसे अब हम ब्रिटिश कोलंबिया
कहते हैं: आज हम अपना ध्यान
आपकी और आपके पूर्वजों की ओर
दिलाना चाहते हैं। आपने अपनी
अविभाजित मातृभूमि को अक्षुण्ण
बनाए रखा है। हम यहां रहने और
काम करने के लिए आभारी हैं।

# कार्यकारी सारांश

यह राइट्स इन फोकस रिपोर्ट ब्रिटिश कोलंबिया में मानवाधिकारों की स्थिति की एक झलक है। रिपोर्ट दस प्रमुख मुद्दों से संबंधित प्रमुख असमानताओं और अन्याय के मामलों को उजागर करती है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि इनमें से प्रत्येक मुद्दा किस तरह मानवाधिकार संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है और किस हद तक वे हमारे समुदायों में सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोगों को प्रभावित करते हैं।

इस रिपोर्ट में प्रत्येक खंड एक अलग प्रणाली पर केंद्रित है - उदाहरण के लिए, बाल कल्याण प्रणाली, शिक्षा प्रणाली और आपराधिक न्याय प्रणाली। हम यह बताते हैं कि प्रत्येक प्रणाली किस तरह से विशेष समुदायों या व्यक्तियों को असंगत और हानिकारक तरीकों से प्रभावित करती है। प्रत्येक "मुख्य बिन्दु" उपखंड इन व्यापक प्रणालीगत मुद्दों के एक विशिष्ट पहलू पर नजर डालता है, जो लोगों के जीवन और मानवाधिकारों को प्रभावित करने वाले कुछ ठोस और हानिकारक तरीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करता है।

यह रिपोर्ट विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी को दर्ज करती है, जिसमें सबसे अधिक प्रभावित लोगों से बातचीत, मुद्दों को सुधारने के लिए काम कर रहे संगठनों का सर्वेक्षण और शिक्षाविदों, सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा किए गए शोध शामिल हैं। यह वैधानिक, संवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून में पाई जाने वाली कानूनी जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं को भी दर्शाता है, और वे सभी सार्थक समानता के मौलिक अधिकार की रक्षा करते हैं।



## 10 मुद्दों का दायरा

- **आवास का अधिकार** सभी को स्वीकार्य आवास की क्रमिक प्राप्ति का अधिकार देता है। प्रगतिशील प्राप्ति का अर्थ है कि सरकार के सभी स्तरों पर उपलब्ध संसाधनों के भीतर इस बुनियादी आवश्यकता को साकार करने की दिशा में कदम उठाने की बाध्यता है। फिर भी बी.सी. निवासियों को कैनेडा में सबसे अधिक दर पर एक वहनीय आवास का सामना करना पड़ता है। नतीजतन, बेघर होने और शिविरों में रहने वालों की संख्या बढ़ रही है: 2023 के बेघर लोगों की गिनती में 2020/21 की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक लोगों को बेघर होना पड़ा। किफायती आवास की कमी विकलांग लोगों, मूल निवासियों और महिलाओं सहित हाशिए के समूहों को असमान रूप से प्रभावित करती है। आवास खंड में, हम इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि विशेष रूप से महिलाओं को "छिपी हुई" बेघरता का अनुभव होने की अधिक आशंका है, जिसमें वे कमतर, असुरक्षित या शोषणकारी आवास स्वीकार करके सड़क पर रहने से बचती हैं।

- **जीवन के उचित मानक का अधिकार** हर किसी को गरीबी रहित जीवन जीने का क्रमिक अहसास दिलाता है। यह सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के एक समूह पर निर्भर करता है, जैसे कि न्यूनतम वेतन और सामाजिक सहायता, जिसे सामाजिक सुरक्षा जाल कहा जाता है। वर्तमान में, सामाजिक सुरक्षा जाल पर्याप्त जीवन स्तर सुनिश्चित करने में विफल रहता है: लगभग नौ में से एक बी.सी. निवासी गरीबी में रहता है। इसके अलावा, कई वर्षों की गिरावट के बाद, गरीबी दर 2020 में 7.6 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 11.6 प्रतिशत हो गई। सामाजिक सुरक्षा जाल खंड में, हम इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि गरीबी का अनुभव करने वाले कितने लोग अपनी सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव का भी सामना करते हैं। दुर्भाग्य से, इस तरह के भेदभाव को कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

- **शिक्षा का अधिकार** छात्रों को सुरक्षित, समावेशी और सुलभ शिक्षण वातावरण में उचित व्यवहार का अधिकार देता है। हालांकि, बी.सी. में, शैक्षिक परिणामों में समूहों के बीच बड़े अंतर हैं। साक्ष्य बताते हैं कि खराब परिणाम वाले समूहों को स्कूलों में बहिष्कार, नस्लवाद और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, सभी छात्रों में से 92 प्रतिशत छह साल में माध्यमिक विद्यालय पूरा करते हैं, लेकिन केवल 78 प्रतिशत विकलांग छात्र और 75 प्रतिशत स्वदेशी छात्र ही ऐसा कर पाते हैं। इसके अलावा, मानवाधिकार संबंधी शिक्षा में अंतराल हैं, और सामाजिक न्याय सामग्री पढ़ाना तेजी से विवादास्पद होता जा रहा है। शिक्षा खंड में, हम स्कूलों में LGBTQ2SAI+ बच्चों और युवाओं के अनुभवों और SOGI 1 2 3 के आसपास के विवाद पर प्रकाश डालते हैं, जो समावेशी शैक्षिक स्थान बनाने के लिए तैयार किया गया एक पूरक शिक्षा संसाधन है। SOGI 1 2 3 के कारण काफी गलतफहमियां हुई हैं और यह 2023 में बड़े पैमाने पर राजनीतिक कार्रवाई का विषय था।

- **रोजगार में उचित व्यवहार का अधिकार** लोगों को कार्यस्थल में समानता का हकदार बनाता है। फिर भी श्रम बाजार में प्रणालीगत भेदभाव के लगातार प्रभाव स्पष्ट हैं। विकलांग लोगों को अपने काम से संबंधित क्षमताओं के बारे में पूर्वाग्रही विचारों का सामना करना पड़ता है। पुरुषों की तुलना में, महिलाओं के अंशकालिक काम करने और हर डॉलर के लिए केवल 68 सेंट कमाने की आशंका अधिक होती है। मूल निवासियों को गैर-मूल निवासियों की तुलना में सुरक्षित नौकरी मिलने की संभावना कम होती है। हमारे कार्यालय के लिए आयोजित एक सर्वेक्षण में 10 उत्तरदाताओं में से एक ने बी.सी. में नौकरी के लिए आवेदन करते समय अपनी पहचान के आधार पर भेदभाव का अनुभव करने की सूचना दी। यह अन्य शोध के अनुरूप है जो दर्शाता है कि हाशिए पर पहचान वाले समूहों के लोगों को रोजगार मिलने, सुरक्षित नौकरियों में काम करने या प्रबंधकीय भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है और वे अपने काम के लिए कम कमाते हैं। रोजगार खंड में, हम अस्थायी विदेशी श्रमिकों के अनुभवों पर प्रकाश डालते हैं। अस्थायी विदेशी श्रमिक कार्यक्रम के माध्यम से अस्थायी रूप से बी.सी. आने वाले श्रमिक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, क्योंकि उनकी आव्रजन स्थिति उनके रोजगार से जुड़ी हुई है। यह संबंध अस्थायी विदेशी श्रमिकों के नियोक्ताओं को रोजगार संबंध में महत्वपूर्ण शक्ति देता है और कई श्रमिक जानकारी देते हैं कि शक्ति का अक्सर दुरुपयोग किया जाता है।

- **स्वास्थ्य सेवा का अधिकार** सभी को स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्त करने योग्य मानक का अधिकारी बनाता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा हस्तक्षेपों तक समय पर पहुंच की आवश्यकता होती है, और इसके लिए स्वच्छ पानी, पौष्टिक

भोजन और पर्याप्त आवास जैसी चीजों की भी आवश्यकता होती है। बी.सी. में, कई लोगों को बुनियादी देखभाल तक पहुंच नहीं है, जिनमें 17 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके पास नियमित स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नहीं है। ग्रामीण और दूरदराज के समुदायों में लोगों को देखभाल में अतिरिक्त अंतराल का सामना करना पड़ता है। हाशिए पर पहचान वाले लोग कम जीवन जीते हैं, खराब मानसिक स्वास्थ्य की रिपोर्ट करते हैं और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में भेदभाव का अनुभव करते हैं। हाल के वर्षों में COVID-19 महामारी और जहरीले मादक द्रव्यों के संकट ने इस स्वास्थ्य सेवा संकट को और भी बदतर बना दिया है। **स्वास्थ्य सेवा खंड** में, हम जहरीले मादक द्रव्य संकट पर प्रकाश डालते हैं। दवाओं की अनियमित आपूर्ति हर साल बी.सी. के हजारों निवासियों को मार रही है। फिर भी उपचार चाहने वाले लोगों को अपर्याप्त स्टाफिंग, भ्रामक पहुंच आवश्यकताओं और अपर्याप्त सामाजिक समर्थन सहित महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

- **सार्वजनिक स्थानों पर निष्पक्ष व्यवहार का अधिकार** सभी को सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन में स्वतंत्र और पूर्ण भागीदारी का अधिकार देता है। हाल के वर्षों में यह अधिकार नफरत और अतिवादी दक्षिणपंथियों के आंदोलनों में वृद्धि के कारण खतरे में पड़ गया है, जिसका उद्देश्य हाशिए पर पड़े लोगों की आवाज को दबा देना है। बाहरी सार्वजनिक स्थानों और ऑनलाइन दोनों में नफरत के मामले होना आम हैं: पांच में से एक कैनेडियन, जिसमें 29 प्रतिशत नस्ली लोग शामिल हैं, ने किसी न किसी रूप में ऑनलाइन नफरत, उत्पीड़न या हिंसा का अनुभव किया है। COVID-19 महामारी के दौरान और फिर गाजा में हाल की हिंसा के जवाब में नफरत की घटनाओं में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई। यह वृद्धि पुलिस द्वारा दर्ज किए गए नफरत अपराधों और पुलिस को दर्ज नहीं की गई कई घटनाओं में भी परिलक्षित होती है। **सार्वजनिक स्थान खंड** में, हम नफरत फैलाने में गलत/भ्रामक सूचना की भूमिका पर प्रकाश डालते हैं। जैसे-जैसे संस्थानों में भरोसा कम होता है, नफरत तेजी से ऑनलाइन साझा की गई गलत/भ्रामक सूचनाओं पर आधारित होती है। यह कई हालिया मामलों में स्पष्ट था, जैसे कि COVID-19 वायरस के प्रसार के बारे में गलत/भ्रामक जानकारी, जिसने एशियाई कैनेडियन लोगों के प्रति नफरत में वृद्धि में योगदान दिया।

- **आपराधिक न्याय प्रणाली में निष्पक्ष व्यवहार का अधिकार** सभी को पुलिस और सुधार संस्थानों द्वारा समान व्यवहार का अधिकार देता है। मूल निवासियों और नस्ली लोगों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य या मादक पदार्थों का उपयोग करने के कारण (MHSU) आदी हुए लोग, आपराधिक न्याय प्रणाली के साथ नकारात्मक बातचीत के गंभीर रूप से बढ़े हुए जोखिम में हैं। उदाहरण के लिए, 2023 में किसी भी दिन, लगभग 1,829 व्यक्ति B.C. सुधार केंद्रों में थे और उनमें से एक तिहाई (662) से अधिक की पहचान मूल निवासियों के रूप में की गई थी। **आपराधिक न्याय खंड** में, हम सुधार गृहों में MHSU से जूझ रहे लोगों के अनुभवों पर प्रकाश डालते हैं। उदाहरण के लिए, MHSU पीड़ित कई लोग सुधार केंद्रों में उपचार प्राप्त करते हैं, लेकिन वे अक्सर अलगाव जैसी जबर्दस्ती वाले दर्दनाक तौर तरीकों से भी गुजरे होते हैं। कई मामलों में अलगाव कैदियों के इलाज के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यूनतम मानकों का उल्लंघन करता है। यह MHSU पीड़ित लोगों के लिए इलाज के बाद लौटने पर अतिरिक्त जोखिम पैदा करता है। उदाहरण के लिए, छोड़ने के तुरंत बाद घातक ओवरडोज़ की दर तीन गुना से अधिक हो जाती है।

- **पारिवारिक क्षेत्र में उचित व्यवहार का अधिकार** सभी को अपने घरों और अंतरंग संबंधों में हिंसा से मुक्ति और समानता का अधिकार देता है। पारिवारिक क्षेत्र में असमानता श्रम के असमान विभाजन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है; रोजगार की स्थिति की परवाह किए बिना, महिलाएं पुरुषों की तुलना में बच्चों की देखभाल और घरेलू कामों में अधिक समय बिताती हैं। यह अतिरिक्त घरेलू बोझ कार्यबल में कम वेतन से और भी बढ़ जाता है, साथ ही आर्थिक असुरक्षा बढ़ती है और दुर्व्यवहारपूर्ण संबंधों को छोड़ना मुश्किल हो जाता है। अंतरंग साथी हिंसा (IPV) की रिपोर्ट करने वाले B.C. निवासियों में से तीन-चौथाई से अधिक महिलाएं और लड़कियां थीं, और IPV पुलिस द्वारा दर्ज की गई संख्या से कहीं अधिक आम है। **पारिवारिक क्षेत्र खंड** में, हम पारिवारिक हिंसा से जुड़े पारिवारिक कानून के मामलों में माता-पिता के अलगाव के आरोपों के दुरुपयोग पर प्रकाश डालते हैं। कुछ मामलों में, हिंसा की रिपोर्ट करने वाली माताओं को "माता-पिता के अलगाव" के प्रत्यारोप का सामना करना पड़ता है - यह दावा कि वे अपने बच्चों को उनके पिता के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रही हैं। इस दावे को अक्सर अदालतों द्वारा गंभीरता से लिया जाता है, लेकिन इसमें विश्वसनीय साक्ष्य आधार का अभाव होता है।

- **बाल कल्याण प्रणाली द्वारा उचित व्यवहार का अधिकार** सभी को पहलकदमी करते हुए सरकारी कार्रवाई का अधिकार देता है जिसका उद्देश्य परिवारों को यथासंभव सुरक्षित और एक साथ रखना है। हाल के वर्षों में देखभाल केन्द्रों में बच्चों और युवाओं (CYIC) की संख्या में कमी आई है, लेकिन बाल कल्याण प्रणाली हाशिए के परिवारों के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से वे जो मूल निवासी हैं, गरीबी का सामना कर रहे हैं या विकलांगता का जीवन बिता रहे हैं। उदाहरण के लिए, जनसंख्या का केवल 10 प्रतिशत होने के बावजूद, CYIC में रहने वाले 68 प्रतिशत मूल निवासी हैं। बच्चों और युवाओं को अक्सर "उपेक्षा" के कारण देखभाल केन्द्र में रखा जाता है, फिर भी कई परिवारों को प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो उपेक्षा के रूप में सामने आती हैं लेकिन वास्तव में माता-पिता के नियंत्रण से बाहर होती हैं। उदाहरणों में किफायती आवास और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की गैर-मौजूदगी शामिल है। सुरक्षा के लिए अपने परिवारों से अलग किए गए बच्चों और युवाओं को शारीरिक और यौन हिंसा सहित कई नए जोखिमों का भी सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, बाल कल्याण प्रणाली पर्याप्त कर्मचारियों के साथ संघर्ष करना जारी रखती है। **बाल कल्याण खंड** में, हम विकलांग बच्चों और युवाओं तथा उनके परिवारों के सामने आने वाली अतिरिक्त चुनौतियों पर प्रकाश डालते हैं। विकलांग बच्चों और युवाओं के लिए, महत्वपूर्ण विकासात्मक अवधियों के दौरान संसाधनों की कमी से स्वास्थ्य संबंधी परिणाम सामने आ सकते हैं जो उनके पूरे जीवनकाल में असमानताओं में बदल सकते हैं। निदान के पीछे संसाधन सीमित होते हैं और सभी निदानों का समान रूप से इलाज नहीं किया जाता है। परिवारों को अंतिम सीमा तक धकेला जाता है और कुछ लोग सहायता प्राप्त करने के लिए अपने बच्चों को देखभाल केन्द्रों में रखने पर विचार करते हैं।

- **सभी मानवाधिकार स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ वातावरण** पर निर्भर करते हैं। जलवायु परिवर्तन, चरम मौसम, प्रदूषण और अन्य पर्यावरणीय संकट मानव अस्तित्व के इस महत्वपूर्ण आधार को खतरे में डालते हैं। असमान रूप से हाशिए पर पड़े लोग दुश्वारियों का सामना करते हैं, जिन्होंने संकट पैदा करने में सबसे कम योगदान दिया है और जिनके अधिकार पहले से ही सबसे कम सुरक्षित हैं। यह हाल के वर्षों में स्पष्ट हुआ जब अभूतपूर्व बाढ़, लू और जंगल की आग ने पूरे प्रांत में जैव विविधता, जीवन और संपत्ति को नष्ट कर दिया। फिर भी, बी.सी. जलवायु संकट में असंगत रूप से योगदान करना जारी रखता है और अपने विधायी उत्सर्जन में कमी के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निर्धारित रास्ते पर नहीं चल रहा है। **पर्यावरण संकट खंड** में, हम जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में मूल निवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हैं। मूल निवासी जलवायु अनुकूलन में आज भी विशेषज्ञ बने हुए हैं, लेकिन उनकी आवाज को अक्सर मुख्यधारा की पहलों में अनदेखा किया जाता है। मूल निवासियों के दृष्टिकोणों को केंद्र में रखकर जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को पुनर्जीवित किया जा सकता है, जैसा कि हाल ही में सांस्कृतिक अग्नि प्रबंधन और मूल निवासियों की अग्नि संरक्षण की व्यापक मान्यता में देखा गया है।

इस राइट्स इन फोकस रिपोर्ट में उजागर की गई व्यवस्थागत असमानताएं हम सभी को प्रभावित करती हैं, लेकिन हमारे समाज में सबसे अधिक हाशिए पर रहने वालों को असमान रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। यहां वर्णित 10 मुद्दे अलग-अलग नहीं हैं; ब्रिटिश कोलंबिया के कई निवासी जीवन के कई क्षेत्रों में अपने मानवाधिकारों के उल्लंघन का अनुभव करते हैं, जो एक-दूसरे से जुड़े हैं और नुकसान को बढ़ाते हैं।

हम केवल समझदारी के साथ ही कार्य कर सकते हैं। जबकि यह रिपोर्ट इस बात पर केंद्रित है कि हम सभी ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों के अधिकारों को बनाए रखने में कहां कमी करते हैं, हम उन कई सशक्त तरीकों का भी सम्मान करते हैं जिनसे जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग उत्पीड़न का विरोध कर रहे हैं, मानवाधिकारों के लिए खड़े हो रहे हैं और बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए व्यवस्थाओं को बाधित कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे प्रांत में मानवाधिकारों की यह झलक बदलाव के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी।

British Columbia's
**Office of the Human Rights Commissioner**

536 – 999 Canada Place
Vancouver, BC V6C 3E1
1-844-922-6472 | **info@bchumanrights.ca**

bchumanrights.ca
@humanrights4bc
humanrights4bc

[Hindi]